पत्रिका

# दिवाली में नकली मिठाई: दूध से नहीं सिंथेटिक पाउडर से बन रहा था नकली छेना, मिठाई, रॉ मैटेरियल बरामद



**Dangerous sweets business** दिवाली के मौके पर मिलावट खोरी की चांदी हो गई है। नकली और केमिकल युक्त मिठाइयों को बाजार में खपाने की बड़ी संख्या में तैयारी की गई थी। लेकिन मुखबिर की एक सूचना पर मिलावट खोरों की मंशा की धरी रहेगी। उप जिलाधिकारी और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां पर कई कुंतल नकली छेना और मिठाई बरामद की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि रॉ मटेरियल और मिठाइयों के सैंपल लिए गए हैं। इसके साथ ही खराब हो चुके रॉ मटेरियल और मिठाई को नष्ट कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला गुरसहायगंज थाना क्षेत्र का है।

Source: https://www.patrika.com/kannauj-news/dangerous-sweets-business-synthetic-powder-arrowroot-used-fake-chenna-recovered-20025774